# आस्ट्रेलियाई हाई कमिश्नर को भी भाया टर्मिनल-3

जागरण संवाददाता, लखनऊ : चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के टर्मिनल-3 की सुंदरता के प्रति विदेशी मेहमानों में आकर्षण लगातार बढ़ रहा है। पूर्व में कई प्रतिष्ठित विदेशी मेहमानों ने लखनऊ एयरपोर्ट के टर्मिनल-3 की विशेषताओं की फोटो इंटरनेट मीडिया के एक्स सहित कई माध्यमों पर पोस्ट की है। अब इसी में नाम जुड़ गया है भारत में आस्ट्रेलिया के हाई कमिश्नर और भूटान के राजदूत ग्रीन फिलिप ओएएम का। उन्होंने अपने एक्स अकाउंट पर लखनऊ की यात्रा के दौरान टर्मिनल-3 की एक फोटो साझा की है। सबसे खास बात यह है कि उन्होंने एक्स पर हिंदी में 'नमस्ते लखनऊ' लिखा है।

ग्रीन फिलिप ओएएम गुरुवार को लखनऊ के चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पहुंचे। उनकी उड़ान टर्मिनल-3 पर उतरी थी। टर्मिनल-3 से बाहर आते हुए यहां की सुंदरता को देखकर उन्होंने लिखा कि नमस्ते लखनऊ, लखनऊ एयरपोर्ट के टर्मिनल-3 पर अभी उतरा हूं। यहां की



चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के टर्मिनल-3 की सुंदरता की फोटो भारत में आस्ट्रेलियाई हाई कमिश्नर ग्रीन फिलिप ओएएम ने एक्स पर पोस्ट की

● सौजन्य : एयरपोर्ट प्रशासन

वास्तुकला बहुत आकर्षक है। इससे पहले दक्षिण अफ्रीका के पूर्व क्रिकेटर जोंटी रोड्स, इंग्लैंड के पूर्व दिग्गज क्रिकेटर और आइपीएल में कमेंट्री कर रहे केविन पीटरसन ने भी टर्मिनल-3 की सुंदरता को एक्स पर पोस्ट किया था। केविन पीटरसन को तो टर्मिनल-3 की फूलों की गली खूब भायी थी। इस गली को फिरोजाबाद के कांच के काम से निखारा गया है। अयोध्या, वाराणसी, रामपुर सहित प्रदेश के महत्वपूर्ण घाटों को गोल्डन घाट की तर्ज पर 3 डी से टर्मिनल पर उकेरा गया है।

चेक इन काउंटर पर सुई और धागा उकेरती लखनऊ की चिकनकारी, फ्रास मटेरियल से बनी श्रीकृष्ण की बाललीला, सीता स्वयंवर, कुरुक्षेत्र रणभूमि की आकृति, कपड़े पर बुना हुआ बनारस का घाट, ताजमहल सहित सभी नदियों के महत्वपूर्ण स्थलों की सजावट भी आकर्षण का केंद्र है। लखनऊ एयरपोर्ट के टर्मिनल-1 और टर्मिनल-2 से पहले हर वर्ष कुल 43 लाख यात्री सफर करते थे। अब 2400 करोड़ रुपये की लागत से बने नए टर्मिनल-3 से सालाना 80 लाख यात्री सफर कर सकेंगे। वहीं, दूसरे चरण का काम पूरा होने पर 1.3 करोड़ यात्री प्रतिवर्ष यहां से यात्रा करेंगे। लखनऊ एयरपोर्ट प्रवक्ता ने बताया कि यात्री सुविधाओं के अनुसार ही नए टर्मिनल को विकसित किया गया है।

## इसलिए खास है यह टर्मिनल

- 4000 यात्री व्यस्त समय में एक ही समय पर कर सकते हैं यात्रा
- 3200 घरेलू और 800 इंटरनेशनल विमान के यात्री एक बार में करेंगे यात्रा
- 3.8 करोड़ यात्री वर्ष 2047-48 तक हर साल कर सकेंगे यात्रा
- 62 इमिग्रेशन काउंटर हैं बाहर जाने वाले यात्रियों के लिए
- सात एयरोब्रिज और चार गेट हैं यात्रियों के लिए
- 72 चेक-इन काउंटर हैं टर्मिनल-3 पर
- 17 सेल्फ बैगेज ड्राप चेक-इन काउंटर हैं यहां पर
- 8 और यात्री बोर्डिंग गेट हो गए हैं तैयार
- 27 आगमन इमिग्रेशन काउंटर हैं बाहर से आने वाले यात्रियों के
- 500 वाहनों की पार्किंग सुविधा भी